**Mail**

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संख्या** :– 17–आवंटन( योजना –0101)–126 / 2020......77............

प्रेषक,

**जय सिंह,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
शेखपुरा, बेगूसराय, सहरसा, मुंगेर, सीतामढ़ी, अरवल, नालन्दा, पश्चिम चम्पारण (बेतिया), लखीसराय, मधेपुरा, जहानाबाद, अररिया, पूर्णियाँ, शिवहर, सुपौल, जमुई, कटिहार, किशनगंज, खगड़िया

**समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
बाँका

**पटना, दिनांक :** 08-01-2021

विषय :– मुख्य शीर्ष – 2029 – भू–राजस्व –उप मुख्य शीर्ष – 00 – लघु शीर्ष – 102 – सर्वेक्षण तथा बन्दोबस्त कार्य – उप शीर्ष – 0101 – सर्वेक्षण और बन्दोबस्त कार्य का पुनरीक्षण के अन्तर्गत ईकाई कोड– 28 02 संविदा सेवाएँ में वित्तीय वर्ष 2020–21 में निधि का आवंटन।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि वत्तीय वर्ष 2020–21 हेतु आपके नियंत्रणाधीन कार्यालय में पदस्थापित नवनियोजित संविदा कर्मियों को पारिश्रमिकी / मानदेय के भुगतान हेतु मो0 84,71,04,000 / – (चौरासी करोड़ एकहत्तर लाख चार हजार रूपये मात्र) रूपये मात्र का आवंटन निम्नानुसार निर्गत किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | बन्दोबस्त कार्यालय का नाम | विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी की संख्या | आवंटित राशि (59000X6 माह) | विशेष सर्वेक्षण कानूनगो की संख्या | आवंटित राशि (36000X6 माह) | विशेष सर्वेक्षण अमीन की संख्या | आवंटित राशि (31000X6 माह) | विशेष सर्वेक्षण लिपिक की संख्या | आवंटित राशि (25000X6 माह) | कुल आवंटन (4+6+8+10) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | शेखपुरा | 16 | 5664000 | 32 | 6912000 | 232 | 43152000 | 32 | 4800000 | 60528000 |
| 2 | बेगूसराय | 20 | 7080000 | 38 | 8208000 | 324 | 60264000 | 38 | 5700000 | 81252000 |
| 3 | सहरसा | 5 | 1770000 | 10 | 2160000 | 83 | 15438000 | 10 | 1500000 | 20868000 |
| 4 | बाँका | 12 | 4248000 | 18 | 3888000 | 181 | 33666000 | 15 | 2250000 | 44052000 |
| 5 | मुंगेर | 13 | 4602000 | 18 | 3888000 | 218 | 40548000 | 20 | 3000000 | 52038000 |
| 6 | सीतामढ़ी | 9 | 3186000 | 14 | 3024000 | 151 | 28086000 | 12 | 1800000 | 36096000 |
| 7 | अरवल | 16 | 5664000 | 25 | 5400000 | 236 | 43896000 | 26 | 3900000 | 58860000 |
| 8 | नालन्दा | 18 | 6372000 | 24 | 5184000 | 287 | 53382000 | 34 | 5100000 | 70038000 |
| 9 | लखीसराय | 16 | 5664000 | 22 | 4752000 | 250 | 46500000 | 21 | 3150000 | 60066000 |
| 10 | पश्चिम चम्पारण (बेतिया) | 12 | 4248000 | 15 | 3240000 | 170 | 31620000 | 15 | 2250000 | 41358000 |
| 11 | मधेपुरा | 6 | 2124000 | 10 | 2160000 | 94 | 17484000 | 12 | 1800000 | 23568000 |

| क्र0 सं0 | बन्दोबस्त कार्यालय का नाम | विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी की संख्या | आवंटित राशि (59000X6 माह) | विशेष सर्वेक्षण कानूनगो की संख्या | आवंटित राशि (36000X6 माह) | विशेष सर्वेक्षण अमीन की संख्या | आवंटित राशि (31000X6 माह) | विशेष सर्वेक्षण लिपिक की संख्या | आवंटित राशि (25000X6 माह) | कुल आवंटन (4+6+8+10) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | जहानाबाद | 10 | 3540000 | 17 | 3672000 | 177 | 32922000 | 20 | 3000000 | 43134000 |
| 13 | अररिया | 6 | 2124000 | 7 | 1512000 | 113 | 21018000 | 8 | 1200000 | 25854000 |
| 14 | पूर्णियाँ | 5 | 1770000 | 7 | 1512000 | 87 | 16182000 | 10 | 1500000 | 20964000 |
| 15 | शिवहर | 4 | 1416000 | 6 | 1296000 | 56 | 10416000 | 6 | 900000 | 14028000 |
| 16 | सुपौल | 13 | 4602000 | 24 | 5184000 | 177 | 32922000 | 24 | 3600000 | 46308000 |
| 17 | जमुई | 6 | 2124000 | 8 | 1728000 | 109 | 20274000 | 12 | 1800000 | 25926000 |
| 18 | कटिहार | 7 | 2478000 | 10 | 2160000 | 130 | 24180000 | 14 | 2100000 | 30918000 |
| 19 | किशनगंज | 18 | 6372000 | 24 | 5184000 | 255 | 47430000 | 22 | 3300000 | 62286000 |
| 20 | खगड़िया | 8 | 2832000 | 10 | 2160000 | 120 | 22320000 | 11 | 1650000 | 28962000 |
| | कुल योग :– | **220** | **77880000** | 339 | **73224000** | 3450 | **641700000** | 362 | **54300000** | **847104000** |

**(चौरासी करोड़ एकहत्तर लाख चार हजार रूपये मात्र)**

2. यह आवंटन वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक – 2561 दिनांक 17.04.1998, राज्यादेश संख्या 314 दिनांक 27.02.2019 एवं स्वीकृत्यादेश संख्या– 74 दिनांक 08.01.2021 के आलोक में निर्गत किया जाता है।

3 अनुरोध है कि व्यय को आवंटन के अन्तर्गत रखते हुए राशि की निकासी की जाय।

4. कोषागार में प्रस्तुत किये जाने वाले सभी विपत्रों को मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष/लघु शीर्ष/उप शीर्ष/इकाई कोड/माँग संख्या – 40 एवं विपत्र कोड 40 – **2029001020101** अनिवार्य रूप से अंकित की जाये ताकि महालेखाकार के कार्यालय में लेखा संधारण समुचित ढंग से करने होंगे ताकि अनियमितता की संभावना नहीं रहे।

5. बिहार वित्तीय नियामवली, बजट मैनुअल तथा अन्य सुसंगत प्रावधानों तथा समय–समय पर निर्गत आदेशों का दृढतापूर्वक पालन किया जाय ताकि व्यय पर वास्तविक रूप से नियंत्रण रखा जा सकें।

6. किसी भी परिस्थिति में आवंटन दिये जाने का अर्थ व्यय की स्वीकृति नहीं समझा जाए तथा भुगतान के औचित्य से पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त ही भुगतान की कार्रवाई की जाये। तदनुसार भुगतान सुनिश्चित करना संबंधित पदाधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी।

7 नियमानुसार स्त्रोत पर अनुमान्य कटौती संकल्प संख्या– 315 दिनांक 27.02.2019 के आलोक में करना तथा उसके लिए आवश्यक प्रमाण पत्र निर्गत करना संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/भुगतान करने वाले पदाधिकारी की जिम्मेवारी होगी।

8. इसकी सूचना महालेखाकार(ले0 एवं ह0), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को ही दी जा रही है।

9. उपर्युक्त आवंटित राशि के अतिरिक्त राशि की मांग के साथ संबंधित विषय शीर्ष में कुल आवंटित राशि अद्यतन व्यय, अवशेष राशि एवं अभ्युक्ति अवश्य अंकित की जाय।

10. आवंटित राशि का भुगतान पूरी छानबीन एवं जाँच पड़ताल के बाद ही किया जाय। यदि कोई छद्मपूर्ण या अनियमित निकासी होती है इसकी पूरी जिम्मेवारी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

11. नवनियोजित संविदा कर्मियों को पारिश्रमिकी/मानदेय भुगतान के पूर्व सभी संविदा कर्मियों से उनके शैक्षणिक/अनुभव प्रमाण–पत्र/आरक्षण प्रमाण–पत्र/अन्य प्रमाण–पत्र, जिसके आधार पर नियोजन किया गया है, के संबंध में इस आशय का शपथ –पत्र (कार्यपालक दण्डाधिकारी/नोटरी पब्लिक) ले लिया जाय कि उनके द्वारा समर्पित सभी प्रमाण–पत्र सत्य एवं सही है। गलत पाये जाने की स्थिति में उनके द्वारा प्राप्त पारिश्रमिकी/मानदेय को वापस कर दिया जायेगा एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनिक/कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

12. आवंटित राशि में विशेष सर्वेक्षण लिपिक को छोड़कर शेष सभी कर्मियों को लैपटॉप/मोबाईल हेतु एक वर्ष के लिए प्रति माह 4,000/– (चार हजार) रूपये की दर से राशि का भुगतान किया जाना है। इस आवंटित राशि के साथ संबंधित कर्मियों को प्रति कर्मी 4,000/– की दर से छः माह के लिए राशि आवंटित की जा रही है। अपने स्तर से आश्वस्त हों ले की जिस कर्मी को लैपटॉप/मोबाईल का भुगतान किया जा रहा है, उसके द्वारा लैपटॉप/मोबाईल का उपयोग सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य में किया जा रहा है।

विश्वासभाजन

**(जय सिंह)** 8/1/21
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–आवंटन( योजना –0101)–126/2020....77.... **पटना, दिनांकः**–08-01-2021

**प्रतिलिपि** :– महालेखाकार, बिहार, पटना/वित्त विभाग, बिहार, पटना (बजट शाखा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–आवंटन( योजना –0101)–126/2020....77.... **पटना, दिनांकः**–08-01-2021

**प्रतिलिपि** :– सभी संबंधित समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–आवंटन( योजना –0101)–126 / 2020.....77........... **पटना, दिनांक**:–08-01-2021

**प्रतिलिपि** :– संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–आवंटन( योजना –0101)–126 / 2020.....77........... **पटना, दिनांक** 08-01-2021

**प्रतिलिपि** :– सुश्री सुरभि सिंह, डाटा एनालिस्ट, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
8/1/21